भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 151

उत्तर देने की तारीख 29 जनवरी, 2026

9 माघ, 1947 (शक)

खेलों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व

151 श्रीमती सागरिका घोष:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री दिनाक 18 दिसंबर 2025 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 2235 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) को आज की तारीख तक आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित उन निधियों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें भारत की संचित निधि (सीएफ़आई) को वापस किया गया है, तथा इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय में निधियों का आवंटन स्कीम-वार किया जाता है, घटक-वार नहीं। खेलो इंडिया स्कीम, जिसमें राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) भी सम्मिलित हैं, के अंतर्गत, इसकी स्थापना से अब तक आवंटित निधियों का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ ₹ में)

वर्ष	आबंटित निधियां
2016-17	118.10
2017-18	350.00
2018-19	500.09
2019-20	578.00
2020-21	328.77
2021-22	869.00
2022-23	600.00
2023-24	880.00

2024-25	746.54
2025-26	700.00

(ख) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत कोई भी निधि सीएफआई को वापस नहीं की गई है।

****